मजीद मुस्कराता रहा। मुलाकात का समय समाप्त हो गया और वह जेल से बाहर चला आया। भारत के जेलो की वह बहुत निन्दा सुन चुका था, परन्तु मास्को के जेल की बात स्मरण करके तो वह समझता था कि दासता में बद्ध भारत रूस से अच्छा है।"

राजनीति ने फिर पाँसा पलटा। जर्मन ने बिना सूचना दिये रूस पर आक्रमण कर दिया और रूस ने जर्मन के विरुद्ध युद्ध-घोषणा कर दी। इगलैंड और फ्रांस रूस के मित्र हो गये और भारत के कम्युनिस्टो ने जेल के भीतर से ही ऐलान कर दिया कि भारत को युद्ध मे इगलैंड, फ्रांस और रूस की सहायता करनी चाहिये।

इस ऐलान को मजीद और शीरी ने पढ़ा और कम्युनिस्टो की इस कलाबाजी पर खिलखिलाकर हँस पड़े। मजीद अपने पिछले कामो को स्मरण करके तो रो पडा। शीरी के, इसका कारण पूछने पर मजीद ने बताया, "ये प्रसन्नता के आँसू हैं, शीरी ! एक समय था कि मैं भी इन मूर्खों की मण्डली में था। मैं अब अपने को भाग्यवान् समझता हूँ कि मैं इनमे नही हूँ। मेरे मन मे प्रकाश हो चुका है।"

इस काल मे मजीद को डॉक्टर राधाकृष्ण से भी मिलने का अवसर मिला। उसने डॉक्टर साहब को रीता से जेल में मुलाकात की बात बताई। डॉक्टर ने माथे पर त्योरी चढ़ाकर कहा, "वह तुम्ही हो, जिसने

बताता था।

'जी नहीं।' रामी ने कहा।

तब मजीद और डोरी पीछे से आये तो डोरी ने टूटी-फूटी हिन्दुस्तानी में पूछ लिया, 'आपका नाम हम जान सकते हैं क्या?"

हाँ, आप मेरे पति मुझको जानते हैं, परन्तु भूल गए हैं। मेरा नाम रामी है।

मजीद ने कहा, "रामी ?" और वह स्मरण करने लगा। रामी ने उसे स्मरण कराने के लिए कह दिया, "रहिमन को तो आप नहीं भूल गए हैं।"

"ओह!" मजीद आश्चर्य में देखता रह गया। फिर खिलखिलाकर हँस पड़ा और बोला, "तुम? तुम यहाँ कैसे रहती हो? ठीक स्मरण आ गया। तुम रीता का नौकरानी के रूप में यहाँ आई होगी और जो वे तुम रीता के जेल में जाने पर बन गया था, भर रही हो।'

रामी हँस पड़ी और बोली, "मैं क्या हूँ, यह आप समझ नहीं सकते।"

'कुछ भी हो। तुमने रीता से बदला खूब लिया है।"

रामी के होंठ हिले और उसके मुख से बहुत धीमी आवाज में निकल गया, "लाल बुझक्कड़।"

इसपर भी उसने उनको कुछ नहीं कहा। केवल पूछा, "तो आप फिर मिलने आयेंगे?"

"रामी, हमको चाय का निमन्त्रण दोगी?"

"मैं तो आपकी पुरानी नौकरानी हूँ। आज्ञा कीजिये। आइये।" इसपर उसने डोरी को एक अंग्रेज औरत समझ अंग्रेजी में कह दिया, "मैडेम, कम इन एण्ड ब्लेस दिस हम्बल एबोड बाई टेकिंग ए कप ऑफ टी। इट शैल गिव मी दी ग्रेटेस्ट प्लेज़र।"

रामी को अंग्रेजी बोलते देख, मजीद और भी आश्चर्य करने लगा। डोरी जो अंग्रेजी समझती थी, रामी के निमन्त्रण को स्वीकार कर, मजीद की बाँह-में-बाँह डाल मास्टर साहब के घर में घुस गई।

: ८ :

दो दिन पीछे देवीदत्त बरेली से लौटा तो रामी ने मजीद के विषय में बताया। देवीदत्त ने उसके होटल में, जहाँ वे ठहरे हुये थे, मिलकर रात के भोजन का निमन्त्रण दे दिया। रामी अभी नैनीताल में ही थी और इस भोजन पर उपस्थित थी।

जाय ।

देवीदत्त ने अपना सन्देह मजीद को बताते हुए कहा, "मजीद [illegible] आप कुछ समय तक तो रूस में कम्युनिज्म का कार्य होते देख [illegible] क्या वहाँ सब मनुष्य स्वेच्छा से अपनी शक्ति के अनुसार कार्य करते हैं?"

मजीद हँस पड़ा। उसने कहा, "इस बात के जानने का कि [illegible] इच्छा से कोई कितना कार्य करता है, समय ही नहीं [illegible] स्पष्ट है कि प्राय. मेहनत-मजदूरी करने वाले, फौजी संगीनों की [illegible] पर अपनी शक्ति से अधिक कार्य कर, अपने जीवन को समय से [illegible] समाप्त करते रहते हैं।"

देवीदत्त काँप उठा। उसने कहा, "मैं ऐसा ही समझता था। [illegible] कोई पैसे वाला वेतन देकर उचित से अधिक काम कराता है, तो [illegible] सेना के बल से मजदूरों से उचित से अधिक कार्य कराया जाता है। [illegible] वाले को तो कभी मजदूर धमका अथवा समझा-बुझा भी सकता है, [illegible] राज्य को तो कोई कुछ कह ही नहीं सकता। राज्य के पास देश की [illegible] सम्पत्ति और शक्ति होने से मजदूर बेचारा विवश हो जाता है।"

"हाँ, इसके साथ ही रूस की सरकार बदली नहीं जा सकती [illegible] वहाँ का विधान ऐसा है कि बोलशेविक पार्टी के अतिरिक्त [illegible] राजनीतिक पार्टी बन ही नहीं सकती। अर्थात् जो लोग एक बार [illegible] राज्याधिकारी होने से पुलिस और फौज के अधिकारी [illegible]

तो तभी मिल सकती है जब कार्य के अनुसार फल का सिद्धान्त माना जाय।

देवीदत्त ने अपना सन्देह मजीद को बताते हुए कहा, "मजीद साहब, आप कुछ समय तक तो रूस में कम्युनिज्म का कार्य होते देख आये हैं। क्या वहाँ सब मनुष्य स्वेच्छा से अपनी शक्ति के अनुसार कार्य करते है?"

मजीद हँस पड़ा। उसने कहा, "इस बात के जानने का कि अपनी इच्छा से कोई कितना कार्य करता है, समय ही नहीं आया। कारण स्पष्ट है कि प्राय. मेहनत-मजदूरी करने वाले, फौजी संगीनों की नोक पर अपनी शक्ति से अधिक कार्य कर, अपने जीवन को समय से पूर्व समाप्त करते रहते हैं।"

देवीदत्त काँप उठा। उसने कहा, "मैं ऐसा ही समझता था। यदि कोई पैसे वाला वेतन देकर उचित से अधिक कार्य कराता है, तो राज सेना के बल से मजदूरों से उचित से अधिक कार्य करा सकता है। पैसे वाले को तो कभी मजदूर धमका अथवा समझा-बुझा भी सकते हैं, प[illegible] [illegible] की पूर्ण

[illegible]।"

[illegible] सकती।

वहाँ का विधान ऐसा है कि बोलशिविक पार्टी के अतिरिक्त दूसरी राजनीतिक पार्टी बन ही नहीं सकती। अर्थात् जो लोग एक बार नेता बन गये, वे राज्याधिकारी होने से पुलिस और फौज के अधिकारी हो जाते है और उनका विरोध करने वाला फाँसी चढ़ा दिया जाना स्वाभाविक है।"

"इसपर भी एक बात तो माननी ही पड़ेगी।" देवीदत्त का कहना था, "कि रूस उन्नति कर रहा है।"

"हाँ सैनिक सगठन और सैनिक उपक्रमो के उत्पादन मे और इन पर पूर्ण जाति की स्वतन्त्रता और सुख-सुविधा का बलिदान करके।"

मजीद को रीता के व्यवहार का पता चला तो वह उससे घृणा करने लगा। देवीदत्त को रूस की भीतरी बातों का ज्ञान हुआ, तो कम्युनिज्म पर उसके मन में उठ रहे सशयों को समर्थन मिला।

शीरी इस समय रामी से बातें करती रही। शीरी को रामी की जीवन-कथा का पता चला तो उसने पूछा, "पर यह बात समझ में नहीं आई कि तुम क्यों अपने प्रेमी के दूसरी पत्नी के पाने में सहायक बन रही हो?"

और उसी होटल में आकर ठहरेगी, जिसमें वे ठहरे हुए थे।

मजीद ने उसे अपना सामान होटल में लाते देखा तो उसको सफल-रूप से छूटने पर बधाई दी और फिर शीरी को लेकर देहरादून मिलने चला गया।

रीता कुछ दिन तो इधर-उधर अपने पुराने परिचितों के आगे-पीछे भागती रही और मजीद से मिलने का अवकाश नहीं पा सकी। इसके आने के छः-सात दिन बाद वह निश्चिन्तता अनुभव करने लगी और एक दिन मजीद के कमरे में आकर बोली, "शीरी बहिन, तुम तो न जाने कहाँ घूमती रहती हो, कभी मिलती ही नहीं?"

शीरी ने कह दिया, "दिन-रात तो आपके कमरे में ताला लगा रहता था। किस प्रकार आपसे मिलते?"

"अच्छा अब मैं निश्चिन्त हो गई हूँ। सरकारी अफसरों से एक काम था, उसी के होने में इतने दिन लग गये।"

"एक कम्युनिस्ट को सरकारी अधिकारियों से क्या काम हो सकता है?"

"अब तो कम्युनिस्ट पार्टी सरकार की नीति का समर्थन करती है। बात यह है कि इंगलैंड की पराजय रूस की पराजय है, इस कारण इंगलैंड और रूस दोनों एक ही नौका में हैं। नौका को डूबने नहीं देना, अन्यथा रूस गया तो फिर कम्युनिज्म का खुर-खोज नहीं मिलेगा।"

"तुम ठीक कहती हो रीता!" शीरी ने अपनी बात कह दी, "परन्तु इसके ठीक होने में कारण यह नहीं कि रूस इसमें सम्मिलित हो गया है, प्रत्युत इसका कारण यह है कि एक ओर इंगलैंड एक प्रजातन्त्रात्मक देश है। दूसरी ओर हिटलर और स्टालिन पूर्ण रूप में तानाशाही चला रहे हैं। हमें प्रजातन्त्रात्मक सत्ता का समर्थन करना है। इसी में मानवता पनप सकती है।"

"वही मैं करने जा रही हूँ। यू० पी० सरकार के होम सेक्रेटरी ने मेरी योजना स्वीकार कर ली है। उसने फौजी अफसरों से भी राय ली है और दो-चार दिन में ही कार्य आरम्भ करने वाली हूँ। मैंने अपनी योजना के लिए पचास हजार मासिक सहायता माँगी है और एक-दो दिन में कम्युनिस्टों की एक टुकड़ी यहाँ एकत्रित हो, फौजी भरती का कार्य करेगी।"

"तो तुम अब रिक्रूटिंग ऑफिसर बन गई हो! मैं तुमको इस बात के लिए बधाई देती हूँ।"

"मेरा आपकी पत्नी न बनने मे कारण यही था कि मैं सदैव के लिए मूर्ख नही बन सकी। एक दौरा था मूर्खता का, वह निकल गया तो पुन स्वतन्त्र जीवन व्यतीत करने की लालसा जाग उठी।"

"परन्तु यह मूर्खता का दौरा तो फिर भी आता रहा है?"

"हाँ, इस पर भी यह बीमारी स्थायी कभी नही हुई।"

"कुछ भी हो। जब यह बीमारी होती है, तो बहुत पुरलुत्फ (आनन्दप्रद) होती है।"

"यही तो इस बीमारी के लक्षण हैं।" रीता ने कहते हुए मजीद का हाथ पकड़कर अपने गाल पर रख लिया। मजीद के मन मे आया कि उसका मुख चूम ले, परन्तु इसी क्षण शीरी का स्मरण हो आया। उसका [illegible] लगा। वह सम्भल [illegible] "तो क्या [illegible]

"कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है।"

"पर मैं अपने को हर तरह तन्दुरुस्त पाता हूँ।"

इतना कह मजीद उठ खड़ा हुआ और पूछने लगा, "आपका अब आगे [illegible]ा क्या कार्यक्रम है?"

"किस विषय मे?"

"यही भरती करने के विषय मे।"

"मैं यहाँ से बरेली जा रही हूँ और वहाँ रिक्रूटिंग सैंटर खोलूँगी। [illegible]स प्रकार यू० पी० के सब जिलों मे काम करना है। मेरा विचार है कि [illegible]वल यू० पी० से एक लाख सिपाही भरती हो जाने चाहिए।"

"बरेली कब जा रही हो?"

रीता ने उसको उत्तर नही दिया। उसने मजीद का हाथ पकड़, [illegible]नी ओर खींचकर, उसे अपने पास बिठाने का यत्न किया। इस पर [illegible]ीद ने कहा, "हम कल यहाँ से जा रहे हैं और मैं शीरी के लिए कुछ [illegible] खरीदने जा रहा हूँ।"

रीता ने अपना बैग खोलकर, उसमे सौ-सौ रुपये के नोटों का एक [illegible]ल दिखाते हुए कहा, "भेंट खरीदने के लिए कुछ रुपये चाहिए तो ले [illegible]ते हैं। बतादें कितना चाहिए?"

मजीद वासना से उसकी आँखों मे सुर्खी और फूलती नासिकाएँ देख [illegible] या। वह डर गया कि कहीं उसकी बीमारी की छूत उसको भी न [illegible] जाय। इस कारण उसने कहा, "नहीं, मुझको रुपयें की आवश्यकता

दे रखा है।"
। मेरे पास बहुत है।"
नहीं है। तुम यहाँ से चली जाओ।

लिए, उठकर सामने खड़े हो कहा,
।"
उसके शरीर में आग लग उठी है।
दनदान पर से नीचे खिसकता जाता
रहा था कि रीता ने उसको आलि-
ले लिया। एक क्षण के लिए तो
ने ऐसा प्रतीत हुआ कि वह रीरी से
को दृढ़ कर, उसने रीता से कहा,
र बैठा, मुझको कमरे का दरवाज़ा

वजय हो गई। इससे सन्तुष्ट हो,
ाज़ा बन्द कर दीजिये।"
वहाने कमरे के दरवाज़े के समीप
दृढ़ कर, कमरे से बाहर निकल गया।

टने की प्रतीक्षा करती रही। जब
, गरदन झुकाए अपने कमरे में चली

१० :

लकर साय चार बजे लौटी। वे होटल
देख, वहाँ पर मजीद को न पा कर
ाचे वहाँ मैनेजर से बात करने गये

वे अभी छोड़कर जाते ही नहीं।"
आवेंगे तो पूछेंगे।"
ई और बैरा के लिए घण्टी बजाई कि
, ही लगी थी कि मजीद आया और
म कल यहाँ से जा रहे हैं।"
साथ कल 'वाटर फॉल' देखने का

प्रोग्राम बना चुकी हूँ।"

"मेरा विचार है कि रामी बहिन हमको दिल्ली वापस जाने की स्वीकृति दे देंगी।"

अब शीरी और रामी को ऐसा अनुभव हुआ कि मजीद कुछ चिन्तित है। रामी ने पूछ ही लिया, "भाईजान, क्या बात है? कमरा खुला छोड़कर कहाँ चले गये थे आप?"

"यहाँ, इस कमरे मे कोई डर का कारण उत्पन्न हो गया था।"

"क्या था?" शीरी ने चिन्ता अनुभव कर पूछा।

"एक भूत, और मैं भाग गया।"

शीरी मजीद के समीप बैठ, उसके माथे पर हाथ रखकर देखने लगी कि वह कही बीमार तो नही हो गया। उससे मजीद का यह कहना उन्माद के लक्षण प्रतीत होते थे। रामी मजीद के मुख पर देखती रही। उसको कुछ-कुछ समझ आया तो हँस पड़ी।

शीरी इस हँसने का अर्थ समझ नही सकी। रामी ने अपना संशय निवारण करने के लिये पूछ लिया, "भाईजान, उस भूत को कही पीटना तो नही पड़ा?"

"भूत? क्या मतलब है आपका?" शीरी ने अपने पति को हर प्रकार से स्वस्थ देख पूछा।

"'घोस्ट', इसका अर्थ तो शीरी, समझती हो न! यह कई वर्ष के पश्चात् किसी गुप्त कन्दरा मे से छिपा हुआ निकल आया और उसने मुझको इतना भयभीत किया कि मैंने यहाँ से भाग जाना ही उचित समझा।"

शीरी को डर हो गया कि मजीद का मस्तिष्क खराब हो रहा है। परन्तु रामी को मजीद के कहने का अर्थ समझ आ रहा था। इस कारण उसने पूछा, "अब तो आपको वह भूत इस कमरे मे दिखाई नहीं देता न?"

"नहीं, मेरे चले जाने के बाद वह चला गया प्रतीत होता है। पर वह फिर यहाँ आ सकता है।"

"मेरी सम्मति है कि आप लोग तुरन्त दिल्ली लौट जाएँ। सत्य ही वह भयंकर जन्तु है।"

इस पहेली को जब शीरी नहीं समझी, तो रामी ने कहा, "यदि आप टैक्सी से अभी जाना चाहें तो रात की गाड़ी पकड़ सकेंगे। मेरी सम्मति है कि आपको चला जाना चाहिए।"

न के नौकर को बुलाकर, बिस्तर
अपना सामान बटोर रहा था, तो
मरे मे ले गई और मैनेजर से बिल
मी से पूछने लगी, "रामी बहिन,

ह तो भाईजान स्वय ही बताएँगे।
मत पूछो, शीरी !"
गया था कि रीता ने कुछ गडबड की
अधिकारियो से बहुत हिल-मिल रही
कि रीता से व्यर्थ का बैर मोल

मे ले आई और उससे बोली, "तो मैं
ौर नीचे जाने के लिए टैक्सी का
। आप टैक्सी-स्टैण्ड पर आ जाइये, जिससे

र की प्रतीक्षा किये, वह होटल के नीचे

, मजीद ने शीरी से कहा, "रामी बहुत
था कि तुमसे पृथक् मे बात करूँ और
टल गई है। शीरी, रीता से मेरा पहले
उस सम्बन्ध को पुनर्जीवित करने का
बना हुआ दुर्बल प्राणी, यहाँ से चले

रखते हैं।"
ने बहुत बहादुरी का परिचय दिया है।
। परन्तु एक बात है। रीता आजकल
मिलाप रखती है। वह कम्युनिस्ट है और
छ भी कर सकती है।
हयोग का विरोध कर रहे हैं। मुझको
, वही मुझको महात्मा गाँधी का अनुयायी
"
र शेष तैयारी पाँच मिनट मे समाप्त कर,

जब मजीद और शीरीं रिक्शा में अपना सामान लाद रहे थे तो रीता, जो अपने कमरे मे बैठी मजीद के कमरे की हलचल को देख रही थी, नीचे उतर आई और मजीद के समीप आ बोली, "तो आप जा रहे हैं ?"

"हाँ।"

"क्यों ?"

"मेरे पूर्व कर्मों का भूत मुझको कष्ट दे रहा है। मैं उसके डर से भागकर जा रहा हूँ।"

"आप ठहरिये। मैं उस भूत को आपके मन से निकाल दूँगी।"

"मुझको आपकी योग्यता पर सन्देह है। फिर भी कभी आवश्यकता पड़ी तो आपसे यह काम करवाने का यत्न करूँगा। मैं आपका बहुत आभारी हूँ। अब तो मन यहाँ से ऊब गया है।"

"आप बहुत बेवफा है।" रीता ने आँखो मे आँसू लाकर कहा। शीरी सामान गिन रही थी। मजीद ने कहा, "रीता, तुम नही समझीं क्या कि यह बेवफाई किसी के साथ वफाई की सूचक है ?"

"मैं उससे पहले आई थी।"

"कहाँ आई थी ?"

"तो यह फिर आपको स्मरण कराना होगा ?"

"मुझको स्मरण नही क्या ? तुमने विवाह से ना क्यो की थी ?"

इस समय रामी एक रिक्शा पर सवार हो वहाँ आ गई। वह रीता और मजीद को झगड़ते देख हँस पड़ी। शीरी होटल का बिल देने के लिए होटल के कार्यालय मे गई हुई थी। इस कारण रीता ने रामी को हँसते देख कहा, "शट-अप रामी ! यह मजाक नही है।"

रामी गम्भीर हो गई और मजीद से बोली, "मैं आपके लिए टैक्सी कर आई हूँ। पेट्रोल डलवाकर टैक्सी अड्डे पर तैयार खडी है। यह टैक्सी का नम्बर है और यह पन्द्रह रुपये की रसीद है।"

इस समय शीरी होटल का बिल चुकाकर बाहर आ गई। मजीद ने कहा, "शीरी, रामी को पन्द्रह रुपये दे दो। यह टैक्सी कर आई है।"

रामी और शीरी एक ओर चली गईं। मजीद ने रीता से कहा, "देखो रीता, मास्टर साहब से सुलह कर लो। वह बहुत ही अच्छा आदमी है।"

: ११ :

महात्मा गाँधी के नेतृत्व में 'क्विट इण्डिया' आंदोलन की चर्चा

पर हड़ताल हुई और फिर उपद्रव हुए। 'बलिया में भी हड़ताल हुई। पश्चात् जुलूस निकाला गया। अपार भीड़ थी जुलूस के साथ। सब लोग जोश और नेताओं के पकड़े जाने पर क्रोध से भर रहे थे। लोग नारे लगा रहे थे, 'अंग्रेज़ ! निकल जाओ ! देश खाली कर दो। जंग में नहीं जाएँगे।" इत्यादि।

यह जुलूस फौजी भर्ती केन्द्र के बाहर से गुजरा। इस दिन रीता केन्द्र में आई हुई थी। उसके साथ कुछ अन्य कार्यकर्ता कॉमरेड भी थे। केन्द्र के बाहर एक 'साइन बोर्ड' लगा था—'जनता के युद्ध में जनता को सफल बनाने के लिए फौज में भरती हो जाओ।'

जुलूस में किसी ने केन्द्र के सामने खड़े होकर नारा लगा दिया, 'जंग में' सहस्रों उसके पीछे कह उठे, 'नहीं जाएँगे।'

नारा लगाने वाले ने कहा, 'भर्ती !' दूसरे कहने लगे, 'नहीं होंगे।'

एक ने दूसरे के कन्धे पर खड़े होकर, भर्ती होने के लिए बताने वाला 'साइन बोर्ड' उतार दिया। साइन बोर्ड कपड़े पर लिखकर बनाया गया था। वह कपड़ा चिथड़े-चिथड़े कर दिया गया।

कुछ लोग भर्ती करने के कार्यालय में घुस गये और वहाँ का फर्नीचर तोड़ने लगे। रीता वहाँ खड़ी यह सब-कुछ देख रही थी और क्रोध से उसका मुख लाल हो रहा था। लोग अपना क्रोध मेज़-कुरसियों पर निकाल, वहाँ से जा रहे थे कि मकान की छत पर से कुछ लोगों ने ईंट [illegible]

[illegible]

लोग, उसे मार डालने और उसकी बोटी-बोटी नोच डालते।

छत पर जाकर भी वह भीड़ के क्रोध से बच नहीं सकी। लोगों ने भर्ती करने के कार्यालय को आग लगा दी। पाँच-छः कॉमरेड और रीता छत पर आग में घिर गए। कार्यालय का मकान तीन मंज़िल का था और उसके पिछवाड़े वाला मकान दो मंज़िल का था। रीता ने, उस दो मंज़िल वाले मकान के ऊपर कूद जाने के अतिरिक्त, बचने का कोई उपाय नहीं देखा। वह उस ओर गई और अपने साथियों सहित कूद पड़ी।

पिछवाड़े वाला मकान खाली पड़ा था। कूदने समय रीता के पाँव [illegible] और उसके लिए चलना कठिन हो गया। उसके साथी

रीना ने चिट्ठी डालकर पूछा, "नीला का विवाह कब होगा?" उसका उत्तर आया, "वह जानता है।"

: १२ :

विमल को सन् १९४१ में लौट आना चाहिए था, परन्तु युद्ध के कारण उसको आने के लिए जहाज नहीं मिला। बहुत यत्न के पश्चात् वह एक जहाज में स्थान पा सका और जनवरी, १९४३ में हिन्दुस्तान में पहुँच सका। बम्बई पहुँच उसने दिल्ली तार दिया कि वह दो दिन में पहुँच रहा है।

उसका तार जब पहुँचा तो स्वरूपरानी नीला को बताने उसके कमरे में गई। वह अपने कमरे में नहीं थी। रात के आठ बजे थे और उसको अपने कमरे में होना चाहिए था।

एक घन्टा पीछे स्वरूपरानी पुनः उसका पता करने, उसके कमरे में गई। वह अभी भी वहाँ नहीं थी। डॉ० अपने नियमानुसार क्लब गया हुआ था। नीला इस समय तक अवश्य ही घर लौट आया करती थी। इस कारण स्वरूपरानी की चिन्ता बढ़ गई। वह उसकी प्रतीक्षा दस, ग्यारह और बारह बजे तक करती रही। वह नहीं आई। इस समय डॉ० घर पर आया तो स्वरूपरानी ने नीला के विषय में उसको बताया। डॉ० नहीं जानता था कि वह घर पर क्यों नहीं आयी।

नीला को कॉलिज छोड़े एक वर्ष से ऊपर हो चुका था और वह कुछ काम नहीं करती थी। वह प्रायः सायंकाल घूमने चली जाया करती थी, डॉ० को अब स्मरण हुआ कि कुछ दिन से वह उदास रहती थी, परन्तु इसको एक साधारण बात समझ, उसने इस ओर ध्यान नहीं दिया था। आज उसको घर पर न आये देख उसको, उसकी उदासी का कुछ अर्थ समझ आने लगा।

डॉक्टर स्वरूपरानी के साथ उसके कमरे में गया और उसके मन की अवस्था के लक्षण ढूँढने लगा।

नीला की किताबें इधर-उधर बिखरी हुई थीं और आसमान की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। डॉक्टर साहब ने इसको देखकर यह परिणाम निकाला कि वह कई [illegible] अपने कमरे और अपनी वस्तुओं की
नहीं दे रही [illegible] . कपड़ों का सन्दूक देखा गया।
योग्य [illegible] । इस[illegible] अर्थ यह था कि वह
विचार [illegible] ों में पड़े
जात

रीता ने चिट्ठी डालकर पूछा, "नीला का विवाह कब होगा?"
उसका उत्तर आया, "वह लापता है।"

: १२ :

विमल को सन् १९४१ मे लौट आना चाहिए था, परन्तु युद्ध के कारण उसको आने के लिए जहाज नही मिला। बहुत यत्न के पश्चात् वह एक जहाज मे स्थान पा सका और जनवरी, १९४३ मे हिन्दुस्तान में पहुँच सका। बम्बई पहुँच उसने दिल्ली तार दिया कि वह दो दिन में पहुँच रहा है।

उसका तार जब पहुँचा तो स्वरूपरानी नीला को बताने उसके कमरे में गई। वह अपने कमरे मे नही थी। रात के आठ बजे थे और उसको अपने कमरे मे होना चाहिए था।

एक घन्टा पीछे स्वरूपरानी पुन: उसका पता करने, उसके कमरे में गई। वह अभी भी वहाँ नही थी। डॉ० अपने नियमानुसार क्लब गया हुआ था। नीला इस समय तक अवश्य ही घर लौट आया करती थी। इस कारण स्वरूपरानी की चिन्ता बढ गई। वह उसकी प्रतीक्षा दस, ग्यारह और बारह बजे तक करती रही। वह नही आई। इस समय डॉ० घर पर आया तो स्वरूपरानी ने नीला के विषय मे उसको बताया। डॉ० नही जानता था कि वह घर पर क्यो नही आयी।

नीला को कॉलेज छोड़े एक वर्ष से ऊपर हो चुका था और वह कुछ काम नही करती थी। वह प्राय: सायंकाल घूमने चली जाया करती थी, डॉ० को अब स्मरण हुआ कि कुछ दिन से वह उदास ी थी, परन्तु इसको एक साधारण बात समझ, उसने इस ओर ध्य ीं दिया था। आज उसको घर पर न आये देख उसको, उसकी उद न कुछ अर्थ समझ आने लगा।

डॉक्टर स्वरूपरानी के साथ उसके कमरे में गया और उसके मन की अवस्था के लक्षण ढूंढने लगा।

नीला की किताबें इधर-उधर बिखरी हुई थीं और आसमान की भी कोई व्यवस्था नही थी। डॉक्टर साहब ने इसको देखकर यह परिणाम निकाला कि वह कई दिन से अपने कमरे और अपनी वस्तुओं की ओर ध्यान नहीं दे रही थी। नीला के कपड़ो का सन्दूक देखा गया। इसमें से पहनने योग्य कपड़े निकल चुके थे। इसका अर्थ यह था कि वह घर छोड़ने का विचार करके गई है।

इसके पश्चात् किताबों की मेज पर और मेज के दराजों में पड़े

बात समाप्त हुई। विमल अपने बहिन-भाइयों से मिलकर कोठी लौट आया। अगले दिन डॉक्टर बिस्तर से निकला। विमल ने डॉक्टर की बीमारी का निदान करना चाहा, पर बीमारी कोई होती तो पता चलता। डाक्टर ने कहा, 'विमल बेटा, मैं तुमको अपनी बीमारी के विषय में स्वयं अपनी रिपोर्ट दूंगा।'

इसपर विमल इधर-उधर की बातें करने लगा। रात अपनी माँ से मिलने की बात बताते हुये उसने माँ के बंगले पास में किसी लड़की को नीला समझ, उसको बुलाने की बात बताई साथ ही यह भी बताया कि माँ की दृष्टि दुर्बल हो गई है।

परन्तु इस समाचार को सुन डॉक्टर के माथे पर पसीने की बूंदें टपकने लगीं और उसका दिल बैठने लगा। विमल ने डाक्टर को देखा और पूछा, "डैडी, यह क्या है?"

"यही तो कष्ट है, विमल!"

"तो आपको 'हार्ट ट्रबल' (हृदयरोग) है?"

डाक्टर अपने मन को दृढ़ करने लगा था। पश्चात् अपने को काबू में करके कहने लगा, "अपनी माँ को कहना कि मुझको मिले। उससे काम है।"

विमल ने बताया कि वह एक दो दिन में जायेगा तो कह देगा।

डॉक्टर को इससे सन्तोष नहीं हुआ। उसने तुरन्त स्वरूपरानी को कमली के घर नीला के विषय में सब बातचीत जानने के लिये भेजा। स्वरूपरानी गई और पता कर आई कि वह कहाँ मिली थी, युवक की रूपरेखा कैसी थी और पीछे वे किधर चले गये थे।

कमली को इस पूछताछ से सन्देह हो गया, तो स्वरूपरानी ने सब बात बता दी और उससे मिन्नत करके कहा कि वह अभी किसी को कुछ न बताये—विमल को भी नहीं।

उसी दिन से नई दिल्ली के सब प्रमुख स्थानों पर खोज आरम्भ हुई। डॉक्टर साहब को इस समाचार से स्फूर्ति मिल गई और वह दिन-भर नई दिल्ली के चक्कर काटने लगा।

इसी बीच रीता के पत्र आये और उनका उत्तर दे दिया गया। एक सप्ताह के अथक प्रयत्न के पश्चात् डॉक्टर ने नीला को पृथ्वीराज रोड पर एक कोठरी में खड़े देखा। डॉक्टर ने अपनी मोटर, जिसमें वह दिन-भर घूमा करता था, लौटा ली और उसको कोठी में ले गया। नीला अभी भी लॉन में खड़ी फूलों की क्यारियों का निरी-

विमल इस कथा को सुन स्तब्ध रह गया। बिना एक भी शब्द कहे, वह उठकर अपने कमरे में चला गया। कमली उसके पीछे, उसके

कमली गई तो स्वरूपरानी आई और पूछने लगी, "विमल बेटा, अब क्या होगा ?"

"मम्मी, मैं अभी कुछ नहीं कह सकता। क्या जानना चाहती हो कि मेरे मन में पहली बात क्या आई थी ? मेरे मन में रह-रहकर यह बात आ रही है कि डॉ० साहब की पिस्तौल लूँ और नीला को गोली से मार डालूँ। परन्तु मैं इसको पशुपन समझता हूँ।"

: १३ :

डॉक्टर ने नीला के विषय में खबर मास्टर देवीदत्त को भी भेजी थी। नीला के लापता होने का समाचार सुन वह दिल्ली चला आया। रीता भी टाँग में बरागन दबाये दिल्ली आ पहुँची।

देवीदत्त ने डॉ० साहब की कोठी में ठहरना कोई उचित नहीं समझा। वह फतेहपुरी के एक होटल में ठहर गया। रीता तो कोठी में चली आई थी।

विमल अपने भावी व्यवहार का निश्चय कर चुका था। वह निश्चय उसने डॉ० साहब को एक पत्र द्वारा लिख भेजा। उसमें उसने लिखा था—

'पूज्य डैडी, मैं आपके एहसान के नीचे इतना दबा हुआ हूँ कि इस कठिनाई के समय में भी, अपनी ओर से आपकी प्रत्येक आज्ञा के पालन का आश्वासन दिये बिना नहीं रह सकता।

: से

ड-

गठ

टना

कि

लिए

साया है, शीघ्रातिशीघ्र पहुँचा दूँगा। वे सब वस्तुएँ उसके लिए ही हैं, उसको मिलनी ही चाहिएँ।

'आपने मुझ पर बहुत धन व्यय किया है। मैं इसको वापस करने

तुमने मेरा तिरस्कार कर एक कम पढ़े-लिखे को पसन्द किया। मैं समझता हूँ कि तुमको पूर्ण रूप से प्रसन्न होना चाहिये।"

नीला ने गम्भीर निःश्वास लिया और यह कह वह उठ पड़ी, "हैप्पीनैस इस संसार में कहीं है क्या?"

"और कहीं हो चाहे न हो, परन्तु तुमको 'अनहैप्पी' होने का कोई कारण नहीं।"

"आप नहीं जानते।" इतना कह नीला ने मुख मोड़ लिया और धीरे-धीरे दरवाजे से बाहर हो गई।

विमल मुख देखता रह गया।

: १४ :

रामी और गीता कई बातों में सहमत थीं। इस कारण जब तक मजीद नैनीताल में रहा, तब तक दोनों नित्य मिलती रहीं। एकाएक गीता के दूषित व्यवहार से प्रभावित हो मजीद और गीता दिल्ली चले गये। उनके जाने पर रामी भी उत्तर-काशी चली गई।

रामी गीता के व्यवहार पर मनन करती हुई नैनीताल से गई थी और ज्यों-ज्यों वह उसके आचरण पर विचार करती थी, उसे गीता पर दया आती थी। यह ठीक था कि वह धारा-सभा की सदस्या बन गई थी और अब सरकार की ओर से भारी धन की सहायता लेकर, फौज के लिये भरती कर रही थी। परन्तु क्या यही जीवन की सफलता है?

इस पर उसके मन में यह विचार उठा कि यदि यह सफलता नहीं तो और क्या है? वह अपने जीवन से उसके जीवन की तुलना करती थी। यदि वह जीवन में सफल नहीं हुई तो क्या वह स्वयं सफल हुई है? रामी जानती थी कि गीता ने विवाह किया है, वह विवाह कर नहीं सकी। गीता एक धनी बाप की बेटी होकर लाखों अपने पर व्यय कर चुकी है। अपने पिता से, अपने मित्रों से, अपनी पार्टी से और अब सरकार से धन पा रही है। यदि यह कहा जाय कि वह ठाठ से मेंटे-सर्ट हो रही है (पौलिश इन लाइफ) तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। इस पर भी, जब मजीद नैनीताल से जाने के लिए रिक्शा के स्टैंड खड़ा था और गीता उससे [illegible] कर रही थी, तब उसके मुख पर निराशा, दुःख और [illegible] स्पष्ट दिखाई दे रही थी। तो क्या यह सफलता है?

इसके विपरीत वह अपने मन में विचार कर रही थी कि उसको क्या कष्ट, दुःख अथवा [illegible] है? [illegible] [illegible] [illegible]

मेरा प्रेम उनमे है, यही पर्याप्त है।"

देवीदत्त इस मानसिक अवस्था को पराजित अवस्था समझता था। उसने उससे कहा भी कि यह 'डिफीटिज्म' है, परन्तु रामो ने इसको ऐसा नही माना। उसने कहा, 'नही दादा, यह मेरी पराजय नही, प्रत्युत् विजय है।"

"विजय ? किस पर ?"

"अपनी इन्द्रियो के विषयो पर। देखिये, अनेक से कम स्वादिष्ट भोजन मुझको प्राप्त होता है। यो तो पेट भरने-मात्र को ही तो पाती हूँ। इस पर भी मुझको असन्तोष नही होता। इस प्रकार यदि यौन-सम्बन्धी तृप्ति नही होती, तो असन्तोष का कुछ कारण नही।"

वह जब उत्तर-काशी मे पहुँची तो पूर्ण रूप से प्रसन्न और सन्तुष्ट थी। उसके मन में अब यह जानने की भी लालसा नही रही थी कि विमल कब हिन्दुस्तान लौटता है और उसका नीला से विवाह कब होता है। वह अपनी दिनचर्या में ऐसे लग गई, मानो उससे बाहर कोई है ही नही।

जनवरी के महीने में देवीदत्त का पत्र उसको मिला। इसमे उसने नीला के भाग जाने और विमल के लौट आने का समाचार भेजा। रामो ने इसका उत्तर नही दिया।

पश्चात् देवीदत्त का एक पत्र और आया। उसमें उसने अपने दिल्ली जाने और वहाँ विमल से मिलने का वृत्तान्त लिखा। यह भी लिखा कि नीला ने किसी अन्य से विवाह कर लिया है। इसके साथ ही उसने रीता से रीगल होटल में भेंट का वृत्तान्त भी लिखा। उसने लिखा, 'जब मैं डॉक्टर साहब का तिरस्कार पा, अपने होटल मे, जहाँ ठहरा था, आया और नैनीताल लौटने की तैयारी करने लगा तो रीता आ पहुँची। उसने आते ही कहा, "आपने मजीद के विषय में बात पिताजी से क्यों नहीं की ?"

"केवल इसलिए कि उनको पता चल जाय कि मैंने तुमसे सम्बन्ध क्यों तोड़ा है।"

"आपने मुझको बहुत बदनाम किया है। उस एलबम की कथा तो अभी लोग भूले नही और नवीन कहानी सुनाना प्रारम्भ कर दिया है।"

"तो क्या यह झूठ है ?"

"झूठ-सत्य का निर्णय करने वाले आप कौन है ? मैं आपको

उसके घर वाले की क्या बात कर रहे
किया था और जब विवाह नही किया
'वह तो बेचारी निर्धनता का जी
कर रही है।
'मुझको यह जानकर अति हर्ष हु
दिया है और आप कुछ पैदा भी करने
यह पत्र विमल के मन मे उथल-पु
दत्त उसको धोखा देना चाहता है ! इ
धोखा दिया है ? वह इसकी जांच कर
को रामी के विषय मे कुछ भी पता नह
नही किया। क्या इसमे भी कोई रहस्य
इस समस्या को सुलझाने के लिये
और उससे रामी के विषय मे पूछा।
विवाह तो नही हुआ प्रतीत होता।
प्रतीत होती है, परन्तु ऐसा लगता है
वाला, उसे नैनीताल मे छोड गया था।
पास कई वर्ष तक रही है। रीता और
इस कारण हम सबका विचार है कि वह
पत्नी बनकर रही है।
"पीछे वह उसको छोड गई प्रतीत
पता नही था कि वह कहां है। अब फिर
होगी और उन्होने उसको तुम्हारे गले म
है।"
विमल उसके जीवन का यह अनुमा
हुआ। यह ठीक था कि भूल उसने की
भूलें की थी। इस बेचारी का जीवन नि

क्षमा माँग लेगी।"

मोहनसिंह ने रीता के इस प्रकार बातचीत आरम्भ करने पर विस्मय प्रकट किया। उसने कुछ देर विचारकर कहा, "मैंने नीना से यह समझकर विवाह किया था कि वह कुँवारी है। उस दिन आपने जो कथा बताई थी और फिर विमल ने जो इतना-कुछ उसको दिया है, उससे मेरे मन में यह बैठ गया है कि वह विमल की पत्नी रही है। अब मेरी तबीयत उससे बात करने को नहीं चाहती।

रीता कुछ देर विचार करती रही और मोहनसिंह चाय पीता रहा। इस समय रीता ने अपने लिए चाय बनानी आरम्भ कर दी। उसे चुप देख, मोहनसिंह ने कहा, "मैं इसमें कुछ नहीं कर सकता। मेरा मन ही नहीं मानता।"

रीता ने बहुत विचारोपरान्त धीरे-धीरे कहना आरम्भ किया। उसका कहना था, "यद्यपि आपका नीना के विषय में इस प्रकार का विचार करना एक भ्रम है, तो भी यदि आप मेरे इस कहने को अस्वीकार करते हो, तो इस दुखद समस्या का कोई सुझाव भी तो होना चाहिए?"

"मैं सुझाव क्या दे सकता हूँ? आप इतनी समझदार, पढ़ी-लिखी और संसार का ज्ञान रखने वाली हैं। आप ही बताइये कि क्या किया जा सकता है?"

"देखिए मोहनसिंहजी, मैं तो स्वतन्त्र विचार की स्त्री हूँ। पुराने जमाने की वहम की बातों में मेरा बिलकुल विश्वास नहीं है। मैं तो यह समझती हूँ कि यदि विवाह सफल नहीं हुआ तो तलाक हो जाना चाहिए।"

"क्या नीना यह चाहती है?"

"वह मूर्ख लड़की कुछ नहीं चाहती। वह तो दिन-रात रोती रहती है।"

"तो उसको मना लो। वह मेरे विषय में कोई आरोप लगाकर, तलाक माँग ले। मैं आपत्ति नहीं उठाऊँगा।"

"पर यह तो आपके साथ अन्याय हो जाएगा?"

"मेरे साथ अन्याय तो उस दिन हुआ था, जब मैंने उससे विवाह किया था।"

"आपको उसके चरित्र पर सन्देह है। आप आरोप लगा, तलाक माँगिये।"

"केवल दुःख प्रकट करने से तो कुछ बनता नहीं। मुझको विश्वस्त सूत्रों से ज्ञान हुआ है कि मोहनसिंह एक और लड़की से प्रेम करने लगा है। तलाक स्वीकार होते ही उसका दूसरा विवाह हो जायगा। हानि तो नीला बेचारी की होगी।"

"तो क्या किया जा सकता है? उसका चुनाव गलत था और इस भूल का फल तो उठाना ही पड़ेगा।"

इस पर रीता गम्भीर विचार में डूब गई। वे दोनों कुछ काल तक चुपचाप खाना खाते रहे। एकाएक जैसे कोई नया सुभाव सूझा हो, रीता ने कहा, "क्या मैं एक बात का आपको सुभाव दे सकती हूं?"

"क्या?"

"क्या आप उसके भूल के लिए अपराधी को क्षमा नहीं कर सकते?"

विमल इस प्रश्न से अवाक् बैठा रह गया। फिर कुछ काल तक दोनों चुपचाप खाते रहे। विमल ने अपने मन की बात कह दी। उसने कहा, 'मास्टर देवीदत्त का एक पत्र आया था। उसमें उन्होंने लिखा था कि रामो सती-साध्वी है। वह हर प्रकार से कुंवारी है और मेरी प्रतीक्षा कर रही है। मैं तो उसको ढूंढकर उससे विवाह की बात विचार [illegible]।"

[illegible] कि वह उनकी रखैल

[illegible] का कोई स्वार्थ छिपा

[illegible]।"

[illegible] पति-पत्नी के रूप में

तीन-चार साल रहे हैं।'

"झूठ तो नहीं बोलती, दीदी?"

"तुमसे झूठ बोलने में क्या लाभ होगा?"

बात तय हो गई। नीला ने कोर्ट में तलाक के लिए प्रार्थना कर दी। नोटिस जारी हो गया। उसमें केवल एक आरोप था, 'मेरा पति मोहनसिंह मुझको निर्दयता से पीटता है।' मोहनसिंह इस आरोप का उत्तर देने निश्चित तिथि को उपस्थित नहीं हुआ। उस पर डिग्री दे दी गई। नीला मुक्त हो गई।

नीला और विमल मिले। नीला ने अपने किए पर पश्चात्ताप किया और क्षमा मांगी। विमल ने उसको क्षमा कर दिया और उससे

विवाह स्वीकार कर लिया।

मोहनसिंह ने यह दावा, जो डॉ
धारण कर लिया। नीला विमल की मं
साई।

डॉ० साहब ने विमल और नीला
निश्चय हो गया कि चुपचाप विवाह
विवाह हिन्दू रीति रिवाज से किया ज
सिविल विधि को कोर्ट में ही वि
विवाह सायंकाल होना था। दोपहर के
होने का समाचार आ गया। डॉ० ने टे
और अधिक वृत्तान्त जानने का यत्न
कि अधिकारियों ने यह स्वीकार कर लि
गई है। वह सख्त घायल हुआ था और
जाती थी। जांच-पड़ताल के परिणामस्व
इससे यह अनुमान लगाया जा रहा कि

इस समाचार ने विवाह के कार्य प
विवाह-कार्य में मुख्य भाग ले रही थी
थी कि विवाह बिना हल्ले-गुल्ले के हो र
चाहिए।

डॉक्टर राधाकृष्ण अपने बच्चों के ज
कर इस प्रकार गिर पड़ा, जैसे कटा पेड़ गि
ठा, अपने पूर्ण जीवन की निष्फलता पर
क्यों हो गया? रीता, नीला और अब

विमल अपने कमरे में बैठा ब्रजभूषण
चार का अर्थ समझने का यत्न कर
के उत्पन्न होने में किसी प्रयोजनयुक्
ौन है, जो ऐसा कर रहा है और क्यों कर
मात्मा के स्थान पर अधिष्ठित मानता
कार्यों में किसी प्रयोजन का होना सम्
हिन्दुस्तान में पांव रखने के समय नीत
जाना, अब नीला और उसके पति का
र फिर उससे विवाह के अवसर पर नीला
आना—यह क्यों?

पर जा खड़ी हुई। वह, रीता को वहाँ बैठे देख समझ गई कि कोई षड्-यन्त्र चल रहा है। रीता का मुख रामी को देख निस्तेज हो गया था और यह रामी से छिपा नहीं रह सका। नीला तो रामी को देख क्रोध से लाल-पीली होती हुई, कमरे के बाहर निकल गई। विमल और कमली अवाक् रामी को देखते रह गये। इस चुप्पी को रामी ने तोड़ा। उसने कमली को सम्बोधन करके कहा, "काकी पहचाना नहीं मुझको?"

पहचानने में कोई कठिनाई नहीं थी। वह तो यह विचार कर रही थी कि रामी की उपस्थिति में नीला से विवाह असम्भव हो जायगा और इसमें डॉक्टर साहब को ढेरों रुपया देना पड़ेगा।

विमल ने देखा कि रामी के मुख पर विशेष तेज है। उसने शृंगार नहीं किया हुआ था। केवल स्वच्छ श्वेत कपड़े पहने थी और न हाथ में चूड़ी थी, न माथे पर बिन्दी। इसपर भी उसको नीला का शृंगार-युक्त मुख, उसके सामने फीका प्रतीत हुआ था।

कमली ने तो रामी को उत्तर नहीं दिया। विमल ने कहा, "रामी, तुम आ गई हो?"

"हाँ, आपने लिखा था कि नौकरी मिल सकेगी, सो इसी विचार से आई हूँ। ब्रज भैया का समाचार यहाँ आकर मिला है। पहले जानती होती तो कुछ दिन ठहर कर आती।"

"कोई बात नहीं। तुम यहाँ ठहरो, मैं सब प्रबन्ध कर दूँगा।" विमल कहना चाहता था कि नौकरी का प्रबन्ध कर दूँगा, परन्तु मुख से यह शब्द नहीं निकला। रामी जैसी तेजस्वी स्त्री को नौकरी देगा, उसका मन नहीं माना। वह तो किसी भी परिवार में स्वामिन् बनने योग्य प्रतीत होती थी।

"कहाँ ठहरूँ? वि···।" वह नाम लेती-लेती रुक गई।

"अपने पुराने कमरे में।"

उसने चपरासी से कह दिया, "यह पिछवाड़े के बरामदे वाले कमरे में ठहरेंगी। नौकर से कहकर खाली करवा दो।"

जब रामी अपने कमरे को देखने गई, तो कमली ने कहा, "बेटा, [illegible]

देखो न। नीला कितनी सुन्दर थी, परन्तु रामी के सामने निस्तेज प्रतीत हुई है! और रीता दीदी का मुख देखो न, ऐसा पीला पड़ गया कि काटो

रहा था। विवाह बिना किसी
कारण कोठी में विवाह के कोई
विमल के विषय में पूछा तो पण
धार सुना दिया। इसपर उसने
घबराती उसको ड्राइंग-रूम में
ब्राह्मण उसके पास शोकमुद्रा में
बिठा, विमल को उसके आने की
से पूछा, "यह कोई पूजा हो रही

"नहीं देवी!" पण्डित ने बहु
विवाह होना निश्चय हुआ था, प
के समाचार से शायद अब नहीं हो

"नीलादेवी का विवाह किससे
पूछा।

"विमल बाबू से।"

"नीला के पहले विवाह का क

"तो आप नहीं जानती? तला
होने पर भी, पण्डित के मुख पर मुस

रामी पूर्ण परिस्थिति से, इस व
उसके मन में आया कि लौट जाय।
और बोला, "छोटे डॉक्टर साहब
बताओ।"

रामी ने पुन साहस बाँधकर कह
करने आई हूँ।"

अब वह जाने लगी, तो पण्डि
देखा और पूछा, "देवी, कैसी नौकरी

"क्यो? क्या बात है पण्डितजी
साहब ने बुलाया है। यह ठीक है कि
चार विदित होता तो मैं कुछ दिन पीछे
विचार कर रही हूँ।"

"अब सूचना भेजी है तो देख ही ल

रामी अभी विचार कर ही रही थ
से बोला, "चलिये, बुलाया है।"

रामी जाने से ना नहीं कर सकी।

"कहते थे कि वह तुमसे पूछ चुके हैं।"

"पर राय बदल भी तो सकती है?"

"तो उनसे बात कर लो। वे तो कहते थे कि वे जानते हैं कि तुम्हारी राय नहीं बदली।"

"देखो रामो, राय बदली होती तो तुम यहाँ आती नहीं।"

"पर देखिये न, मैं नीला का स्थान लेना नहीं चाहती।"

"यही तो बात है। नीला बदलती रहती है। उससे मेरी बात-चीत हो चुकी है और वह रीता के पास लखनऊ जा रही है।"

"क्यों? उसके पास क्यों?"

"वह कहती है कि उसने उसका सर्वनाश किया है। उसने ही मोहनसिंह से उसका परिचय कराया था और 'स्पेशल मैरेज एक्ट' से विवाह का प्रबन्ध किया था। उस समय मेरे शीघ्र लौटने की आशा नहीं थी। नीला का कहना है कि उसने ही उसका मोहनसिंह से झगड़ा कराया है और तलाक की योजना भी उसकी ही है। मेरे साथ नीला के विवाह का प्रबन्ध भी उसने ही किया था। मुझको इस विवाह के लिये तैयार भी उसीने, तुम पर झूठे लांछन लगाकर, किया था। अब नीला के विवाह करने का प्रश्न उत्पन्न नहीं होता और वह अपने भाग्य को कोसती हुई, उसीके पास जा रही है, जिसने उसके लिये इतना कुछ किया है। रीता ने उसको बुला भेजा है।"

"वह ऐसा क्यों करती है?"

"जो लोग किसी ध्येय-साधन के लिए उपायों की श्रेष्ठता तथा औचित्य की परवाह नहीं करते, वे ऐसा किया ही करते हैं। अब डॉक्टर जी तुम्हारा कन्यादान करेंगे।"

• •

जोड़े कपड़े रखे हैं। धोतियां थी,
इार। अभिप्राय यह कि आवश्य
इत्यादि शृंगार का सामान भी थ
ले जाकर, वहां रखते हुए कहा, "
है। किसका है यह ?"

"भूल से नहीं गया, मैंने भि

"मुझको इन सबकी आवश्य
है। ये छः मास तक चलेंगे।"

"देखो रामी, विमल ने कल
चाहिए। वह रुपये भी दे गया था
दिया था।"

"तो अब विमलजी को कहूं कि

"हां, ब्रज के पीछे वही घर क
काम-काज से विरक्त हो गए प्रतीत

"तो मैं उनसे कहूंगी, नौकरान

"ठीक है। ओ मक्खन !" उर
आया तो स्वरूपरानी ने कहा, "ये
छोड़ आओ।"

"माताजी, अभी रहने दीजिए

"नहीं, मक्खन, ले जाओ इनको

रामी विमल से मिली और बो
इतने कीमती कपड़े मंगवाने को कह

"तो क्या और अधिक कीमत के

"विमलजी, निर्धन लोगों से
मुझको इनकी आवश्यकता नहीं है।"

"क्यों ?"

"एक नौकरानी को ऐसे कपड़े श

"पर तुम नौकरी किसकी करती

"इस घर की, बिना वेतन के। व

"तो अब तुम्हारी नौकरी नहीं है
उनकी तीसरी लड़की हो और वह तुम्
हैं।"

"मुझसे राय किये बिना ही ?"

(विवरण अगले पृष्ठ पर देखें)

हमारे प्रकाश

उपन्यास :

सावली रात	(गुलशन नन्दा)	४ ५
घाट का पत्थर	,,	४ ५
जलती चट्टान	,,	४·०
निर्मल	(गुरुदत्त)	३·०
निष्णात्	(,,)	३·०
भाग्य का सम्बल	(,,)	३·०
पाप की छाया	(नानकसिंह)	६·५
अपने पराये	(राजवंश)	४·०
पहला वर्ष	(यज्ञदत्त शर्मा)	२·५०
परछाईं	,,	२·२
दर्दे दिल	,,	२·५०
कैदी	(विलियम फाक्नर)	२·००
चार पत्तियां	(एनी काल्वर)	२·००
नये नये चाचाजी	(कट सैंरेडी)	२ ००
सारा संसार मेरा	(आरिग पूडि)	२ ५०
उल्टी गगा	,,	३ ००
बदनाम गली	(कमलेश्वर)	४·००
घेरे के अन्दर	(मन्मथनाथ गुप्त)	२·५०
नदी की लहरें	(कमल शुक्ल)	२·२५
पाच लोफर	(कृश्न चन्दर)	४ ५०
पायल	(कृष्णगोपाल आबिद)	४ ५०

...सी १०) मूल्य की पुस्त...

सेन्टर,

उसके साजन (कुशवाहाकान्त
रैन बसेरा (प्रारिफ)
धूप-छांव "
सूरज का सातवां घोड़ा :
(धर्मवीर भारती)

† नन्दिनी (मामा वरेरकर)
अंगूरी (डा० लक्ष्मीनारायण)
पाकिस्तान मेल (खुशवन्तसिंह)
दूखन लागे नैन (बाजपेयी)
बदनाम गली (कमलेश्वर)
अतीत की परछाइयां
(अमृता प्रीतम)
अभागिन (विजयकुमार गुप्ता)
पाप की छाया (नानकसिंह)
परायी मां (दो उपन्यास) "
फर्ज का देवता (जमुनादास अख्तर
पंजाब की बेटी "
तन का पाप (सत्यपाल विद्यालंकार
तीन देवियां (जगदीश भारती)
लूई की आत्मा (रोमांचकारी)
आदमी और सिक्के (महेन्द्रनाथ)
नींव की मिट्टी : (शिवसागर मिश्र

अंग्रेज़ी से अनूदित उपन्यास

एक राष्ट्रपति (सचित्र)
† पांचवीं बेटी
† आज और कल
† चार पत्नियां